देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 112 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**राष्ट्रपति की दुविधा



देहरादून, बृहस्पतिवार, 30 जुलाई 2020

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 28.0° | न्यूनतम 23.0°

38071.13

2 ओली और प्रचंड में बढ़ी दरार

7 अगले महेंद्र सिंह धोनी हैं रोहित शर्मा

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में कोरोना के मामलों की संख्या 15 लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस के 48,513 नए मामले सामने आने के साथ ही देश में बुधवार को कुल संक्रमितों की संख्या 15 लाख के पार पहुंच गई। महज दो दिन पहले ही यह आंकड़ा 14 लाख के पार पहुंचा था। इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 9,88,029 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार कोविड–19 के मामले बढ़कर 15,31,669 हो गए हैं जबकि पिछले 24 घंटों में 768 और लोगों की मौत होने से देश में मृतकों की संख्या बढ़कर 34,193 हो गई है।देश में संक्रमण की चपेट में आए 5,09,447 लोगों का अभी इलाज चल रहा है।

### सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उत्तराखण्ड बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि अपनी योग्यता, परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति से वे अपने भविष्य के साथ ही देश को नई दिशा देने में सफल होंगे। जिन विद्यार्थियों के परिणाम उनकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। लक्ष्य पूर्ति तक लगातार प्रयास करें। सफलता अवश्य मिलेगी।

### राज्यपाल ने तीसरी बार लौटाई सीएम गहलोत की फाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जयपुर। राजस्थान में जारी सियासी संकट के बीच राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को सीएम अशोक गहलोत की विधानसभा का सत्र बुलाने के लिए भेजी गई फाइल को फिर वापस भेज दिया है। राज्यपाल ने गहलोत सरकार से पूछा है कि वह कम समय के नोटिस पर सत्र आहूत क्यों करना चाहते हैं, इसे स्पष्ट करें।

# पांच राफेल की हैप्पी लैंडिंग

## 'महाविनाशक' राफेल ने गर्जना के साथ जब छुए भारत माता के पांव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अंबाला। भारतीय वायुसेना के बेड़े में पांच सुपरसोनिक राफेल शामिल हो गए हैं। इन फाइटर विमानों की अंबाला एयरबेस पर दोपहर बाद 3.10 बजे हैप्पी लैंडिंग हो गई। विमानों का एयरबेस पर उतरने के बाद वाटर सैल्यूट देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया सहित वायुसेना के प्रमुख अधिकारी मौजूद हैं। लैंडिंग से पहले इन विमानों ने अंबाला एयरबेस की परिक्रमा की। अंबाला में धूप निकल आई है। ऐसे में लैंडिंग में कोई समस्या नहीं रही।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राफेल की लैंडिंग के बाद खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय वायुसेना और शक्तिशाली हो गई है। भारत के दुश्मनों को अब सावधान हो जाना चाहिए। अंबाला एयरबेस पर लैंडिंग के बाद पांचों राफेल सुपरसोनिक विमानों को वाटर सैल्यूट दिया गया। वाटर कैनन से यह सलामी दी गई। एयरबेस पर पहुंचने के बाद राफेल और इन्हें फ्रांस से लाने वाले जांबाज पायलटों का वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने स्वागत किया। अंबाला में राफेल की लैंडिंग के बाद उन्हें वाटर सैल्यूट दिया गया। उनको वाटर कैनन से सैल्यूट दिया गया। यह दूसरा मौका है जब बड़े फाइटर विमान को अंबाला एयरबेस पर भारत में सबसे पहले लैंडिंग हुई है। इससे पहले जगुआर फाइटर प्लेन की अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर लैंडिंग हुई थी।

**वाटर कैनन के बाद एयर चीफ ने किया स्वागत**

**ग्रुप कैप्टन हरकीरत सिंह की अगुवाई में रचा इतिहास**

राफेल को उड़ाकर लाने वाले पायलट्स अपने ग्रुप कैप्टन हरकीरत सिंह की अगुवाई में अंबाला में ही एयर चीफ को बताएंगे कि उन्हें फ्रांस में किस प्रकार की ट्रेनिंग मिली है।

शेड्यूल के मुताबिक, राफेल जल्द ही अंबाला से दूसरे एयरबेस रवाना होंगे। 17 स्क्वैड्रन के कमांडिंग ऑफिसर हरकीरत सिंह ग्रुप कमांडर की भूमिका में हैं जबकि उनके साथ विंग कमांडर एमके सिंह और विंग कमांडर आर कटारिया भी पायलट दल में शामिल हैं। वायुसेना में राफेल को शामिल किए जाने का समारोह बाद में आयोजित किया जाएगा।

**स्वागतम्, राष्ट्र रक्षा के समान कोई यज्ञ नहीं**



फ्रांस से 5 राफेल लड़ाकू विमानों के पहले बैच के भारत पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके स्वागत में ट्वीट किया है। प्रधानमंत्री ने अंबाला में राफेल के टच डाउन का वीडियो शेयर करते हुए संस्कृत में ट्वीट किया कि राष्ट्र रक्षा के समान कोई पुण्य, व्रत या यज्ञ नहीं होता। उन्होंने इंडियन एयर फोर्स के आदर्श वाक्य श्नभः सदृशं दीप्तम् के साथ स्वागतम् भी लिखा। गृह मंत्री अमित शाह ने भी राफेल के भारत आने को गर्व का क्षण करार दिया है।

**महाविनाशक हैं राफेल**

वायुसेना के बेड़े में राफेल के शामिल होने से उसकी युद्ध क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होने की उम्मीद है। यह विमान विभिन्न प्रकार के शक्तिशाली हथियारों को ले जाने में सक्षम है। यूरोपीय मिसाइल निर्माता एमबीडीएस की मिटोर, स्कैल्प क्रूज मिसाइल, मीका हथियार प्रणाली राफेल लड़ाकू विमानों के हथियार पैकेज में शामिल है।

# मानव संसाधन मंत्रालय अब शिक्षा मंत्रालय के नाम से जाना जाएगा

## नई शिक्षा नीति को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने नई शिक्षा नीति को मंजूरी दे दी है। अब ह्यूमन रिसोर्स मिनिस्ट्री यानी मानव संसाधन मंत्रालय को शिक्षा मंत्रालय के नाम से जाना जाएगा। बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट बैठक के बाद एचआरडी मिनिस्टर रमेश पोखरियाल निशंक और सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने नई शिक्षा नीति के बार में विस्तार से बताया।

**मानव संसाधन मंत्रालय फिर से हुआ शिक्षा मंत्रालयः** मानव संसाधन मंत्रालय को अब फिर से शिक्षा मंत्रालय के नाम से जाना जाएगा। शुरुआत में इस मंत्रालय का नाम शिक्षा मंत्रालय ही था लेकिन 1985 में इसे बदलकर मानव संसाधन मंत्रालय नाम दिया गया था। नई शिक्षा नीति के मसौदे में इसे फिर से शिक्षा मंत्रालय नाम देने का सुझाव दिया गया था।

नई शिक्षा नीति के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व चीफ के. कस्तूरीरंगन की अगुआई में एक पैनल का गठन किया गया था। इस पैनल ने पिछले साल एचआरडी मिनिस्ट्री में नई शिक्षा नीति के मसौदे को पेश किया था। बाद में उस मसौदे को तमाम हितधारकों के सुझावों के लिए पब्लिक डोमेन में रखा गया। मंत्रालय को इसके लिए करीब सवा 2 लाख सुझाव आए थे।

**मौजूदा शिक्षा नीति 1986 में आई थीः** देश की मौजूदा शिक्षा नीति को 1986 में तैयार किया गया था। 1992 में उसमें सुधार किया गया था। बीजेपी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान ही नई शिक्षा नीति को अपने चुनाव घोषणा पत्र का हिस्सा बनाया था।

**भारत ज्ञान की महाशक्ति बनकर उभरेगाः निशंक**

जावडे़कर ने नई शिक्षा नीति को ऐतिहासिक बताया। वहीं, रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि नई शिक्षा नीति के बाद भारत ज्ञान की महाशक्ति बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को व्यापक विचार–विमर्श के बाद तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों से लेकर जन प्रतिनिधियों तक से गहन चर्चा, परामर्श के बाद इसे तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि सवा 2 लाख सुझाव आए थे। उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा के लिए अलग–अलग टीमें बनाई गई थी।

# विभागों में होने वाली पदोन्नति पर बड़ा फैसला

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी है। बैठक में राज्य अधीन सेवा में पदोन्नति का त्याग करने वाले कर्मचारियों को लेकर फैसला लिया गया है। सरकार ने फोर्गो नियमावली बनाई है, जिसके तहत अब 15 दिन के भीतर पदोन्नत पद ग्रहण करना होगा। इसके साथ ही जिन्हें प्रमोशन नहीं लेना है वो लिखित में उसका कारण देंगे। सरकार ने दूसरे नंबर के कर्मचारी को मौका देने का भी फैसला लिया है। आपको बता दें कि पदोन्नति के बाद दुर्गम में जाने से बचने के लिए कर्मचारी प्रमोशन छोड़ देते थे।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने फैसलों के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल 30 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जबकि एक पर कमेटी का गठन किया गया है।

उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा सेवा नियमावली और श्रम विभाग में भारत सरकार की अनुमति से किए गए संशोधन। राजस्व क्षेत्र निरीक्षक के 166 पदों का पुनरीक्षण, 66 पद बढ़ाने की थी मांग। अब 51 पदों को कैबिनेट ने दी मंजूरी। 2020–21 में मदिरा की 148 दुकान को लेकर फैसला, अगले महीने से शुरू होगा अलॉटमेंट, वित्तीय वर्ष में नहीं उठने का समय काटकर वसूला जाएगा राजस्व।

...शेष पेज 8 पर

**कैबिनेट बैठक**

**कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर**

- मुख्यमंत्री युवा पेशेवर नीति में कैबिनेट ने किया बदलाव, 15000 से बढ़ाकर 35000 महीना किया गया मानदेय।
- एआइसीटीई को दी जाएगी निशुल्क दो एकड़ भूमि, एक करोड़ से ज्यादा की राशि को सरकार ने किया माफ।
- ग्राम रानीपोखरी में बनने वाली ईसीएचएस डिस्पेंसरी के लिए दी गई मुफ्त भूमि।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# समुद्र में भी चीन-पाक की खैर नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को। राफेल लड़ाकू विमानों के भारत पहुंचने के बाद रक्षा मंत्रालय का पूरा ध्यान अब सालों से अटके स्कॉर्पियन क्लास अटैक सबमरीन प्रोजेक्ट पर केंद्रित हो गया है। हिंद महासागर में चीन–पाक के बढ़ते खतरे को देखते हुए भारतीय नौसेना ने अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने की तैयारियों को तेज कर दिया है। नौसेना के लिए प्रोजेक्ट 75आई के तहत 6 अत्याधुनिक पनडुब्बियों को बनाने का काम तेज किया जाएगा।

**पैनी नजर**

प्रोजेक्ट –75 आई के जरिए तैयार की जाएंगी 6 अटैक सबमरीन, स्टेल्थ तकनीकी से होंगी लैस

**स्टेल्थ तकनीकी से लैस होंगी ये पनडुब्बियां:** प्रोजेक्ट–75 आई के तहत डीजल इलेक्ट्रिक पॉवर से चलने वाली 6 पनडुब्बियों को बनाने के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय ने 20 जून 2019 को भारतीय रणनीतिक साझेदारों को प्रस्ताव के लिए आग्रह (एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट) जारी किया था। ये पनडुब्बियां रडार की पकड़ में नहीं आने वाली प्रौद्योगिकी (स्टेल्थ तकनीकी) से लैस होंगी।